वार बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 410 / गोप0 / प्रायो0 / 24

दिनांकः 10.05.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यायलय,
(जौनपुर, गाजीपुर, प्रयागराज)
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :— स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा 2023—24 सम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 16.05.2024 तक कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांकः 312 / गोप0 / प्रायो0 / 2024, दिनांकः 09.04.2024, पत्रांकः मेमों / 102 / प0नि0का0 / 2024, दिनांकः 21.04.2024 एवं पत्रांकः 402 / गोप0 / प्रायो0 / 2024, दिनांकः 06.05.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सत्र 2023—24 के सम सेमेस्टर के समस्त विषयों की प्रायोगिक परीक्षायें 10.05.2024 तक सम्पन्न कराकर प्राप्तांक कालेज लॉगिंन पर आनलाइन फीड करने हेतु निदेशित किया गया था।

उक्त विषय पर सम्यक विचारोपरान्त इस तिथि को विस्तारित करते हुए दिनांकः 16.05.2024 तक प्राप्तांक कालेज लॉगिंन पर आनलाइन फीड कराना सुनिश्चित किया गया है जिससे परीक्षा परिणाम अतिशीघ्र घोषित किया जा सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांकः 16.05.2024 तक समस्त प्रायोगिक परीक्षा कराते हुए प्राप्तांक कालेज लॉगिंन पर अपलोड करने का कष्ट करें, इसके उपरान्त प्रायोगिक मार्क्स का आनलाइन सब्मिशन बन्द कर दिया जायेगा एवं जिन छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा के मार्क्स सब्मिट नहीं हुए होंगे उन्हें अनुपस्थित मानते हुए परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी तथा प्रायोगिक अंक की हार्डकापी विश्वविद्यालय में दिनांकः 20 मई 2024 तक अवश्य जमा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक।

10.05.24

परीक्षा नियंत्रक